# अनुक्रमणिका


| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | सम्पादकीय | डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा | 3 |
| 2. | YOGA SUTRAS OF PATANJALI | Swami Maheshwaranandapuri | 4 |
| 3. | हमारे पूज्य हैं सभी देवता | देवर्षि कलानाथ शास्त्री | 8 |
| 4. | श्राद्ध महत्त्व एवं कर्म प्रक्रिया | रमाशंकर गौड़ | 10 |
| 5. | मान्य मनीषी महामहोपाध्याय पं. श्री गोपीनाथ कविराज | गोपीनाथ पारीक 'गोपेश' | 15 |
| 6. | श्री विष्णुप्रिया भगवती लक्ष्मी | डॉ. मनीषा शर्मा | 19 |
| 7. | भट्टारकदेवशक्रविरचितप्रतापकाव्यस्य पञ्चदशसर्गस्य सम्पादनमध्ययनञ्च - समीक्षात्मकभागः | डॉ. शशिकुमार शर्मा | 22 |
| 8. | भारत का सबसे समृद्ध ग्रंथालय - पोथीखाना जयपुर | सुनील कुमार शर्मा | 29 |
| 9. | राष्ट्रोपनिषत् | डॉ. नारायणशास्त्री काङ्कर | 31 |


विश्वदीप दिव्य संदेश पत्रिका का वार्षिक सदस्यता शुल्क **800/- रूपये**

**खाता संख्या : 5013053111**
**IFS Code : KKBK0003541**

मुद्रण : **कन्ट्रोल पी**, जयपुर - मो. : 9549666600

# सम्पादकीय

विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित मासिक शोधपत्रिका का वर्ष 2023 का एकादश अंक आपके करकमलों में अर्पित करते हुए अत्यधिक हर्ष का अनुभव हो रहा है। भारतीय धर्म-संस्कृति के शोधलेखों का यह संग्रह विद्वानों द्वारा सराहा जा रहा है। विद्वानों द्वारा नियमित भेजे जा रहे शोधलेख हमारा मनोबल बढ़ा रहे हैं व पत्रिका के महत्त्व को भी आलोकित कर रहे हैं। पूर्व अंकों में सभी उच्चस्तरीय विद्वानों के लेख प्रकाशित हुए हैं।

इसमें सर्वप्रथम महामण्डलेश्वर स्वामी महेश्वरानन्दपुरीजी द्वारा लिखित YOGA SUTRAS OF PATANJALI शोध लेख में पातंजलयोगसूत्र के प्रतिपाद्य की आधुनिक सन्दर्भ में उपयोगिता दर्शायी गयी है। तत्पश्चात् अन्या वुकादिन द्वारा लिखित Release, salvation, uplift and liberation in the classical medieval Vaiśeṣika and Nyāya शोध लेख में न्याय एवं वैशेषिक शास्त्रों में प्रतिपादित मोक्ष के स्वरूप एवं उसकी प्राप्ति के विविध सोपानों को प्रतिपादित किया गया है। तत्पश्चात् देवर्षि कलानाथ शास्त्री द्वारा लिखित 'हमारे पूज्य हैं सभी देवता' शोध लेख में भारतीय संस्कृति में बहुदेववाद का महत्व बताया है। तत्पश्चात् रमाशंकर गौड़ द्वारा लिखित 'श्राद्ध महत्त्व एवं कर्म प्रकिया' लेख के माध्यम से मनुष्य के देव ऋण, पितृ ऋण व मनुष्य ऋण के कर्त्तव्यों को निर्वाहन करना बताया है। इसी क्रम में गोपीनाथ पारीक 'गोपेश' द्वारा लिखित 'मान्य मनीषी महामहोपाध्याय पं. श्री गोपीनाथ कविराज' लेख में कविराज जी का सम्पूर्ण जीवन चरित्र व वैदुष्य को रेखांकित किया है। लेखों के क्रम में डॉ. मनीषा शर्मा द्वारा लिखित 'श्री विष्णुप्रिया भगवती लक्ष्मी' लेख के माध्यम से लक्ष्मी के विभिन्न स्वरूपों को बताया है जो कि दीपावली पर्व के संदर्भ में उल्लेखित है। तत्पश्चात् डॉ. शशिकुमार शर्मा द्वारा लिखित 'भट्टारकदेवशक्रविरचितप्रतापकाव्यस्य पञ्चदशसर्गस्य सम्पादनमध्ययनञ्च - समीक्षात्मकभागः' शोध लेख में महाकाव्य के पंचदश सर्गों की समीक्षा की गयी है। आगामी लेख में सुनील कुमार शर्मा द्वारा लिखित 'भारत का सबसे प्रसिद्ध ग्रन्थालय पोथीखाना-जयपुर' शोध लेख में प्राचीन ग्रन्थालय का वैभव व वेशिष्ठ बताया गया है। अन्त में स्व. डॉ. नारायणशास्त्री काङ्कर के 'राष्ट्रोपनिषत्' के कतिपय पद्य प्रकाशित किये गये हैं, जो गुरुशिष्यपरम्परा के गौरव को प्रदर्शित करने के साथ साथ आत्मचिन्तन की प्रेरणा प्रदान करने वाले हैं।

आशा है, सुधी पाठक इन्हें रुचिपूर्वक हृदयंगम करने में अपना उत्साह पूर्ववत् बनाये रखेंगे।

शुभकामनाओं सहित....

-डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा

# YOGA SUTRAS OF PATANJALI

## A Guide to Self-knowledge

**Mahamandleshwar Paramhans**
**Swami Maheshwaranandapuri**

समाधिभावनार्थः क्लेशतनूकरणार्थश्च ॥ २॥

**2. samādhi-bhāvanā-arthaḥkleśa-tanūkaraṇa-ārthaś ca**

*samādhi – highest consciousness*
*bhāvanā – attitude, state*
*artha – reason, goal*
*kleśa – dispute, conflict, disturbance*
*tanūkaraṇa – weakening*

**(*Kriyā-yoga*) weakens the disturbances and leads to *samādhi.***

The exercises referred to in the first *sūtra*reduce the inner conflicts and the "waves" in the mind (*vṛittis*) caused by them. This does not mean that these disturbances are already overcome, but a first step has been taken towards achieving the goal – *samādhi.*

In the following, Patanjali lists the five *kleshas* that cause restlessness and tension in the mind:

अविद्यास्मितारागद्वेषाभिनिवेशाः क्लेशाः ॥ ३॥

**3. avidyā-asmitā-rāga-dveṣa-abhiniveśāḥkleśāḥ**

*avidyā – ignorance*
*asmitā – ego*
*rāga – attachment*
*dveṣa – aversion, hatred*
*abhiniveśa – fear of death*
*kleśa – disturbance, obstacle, cause of suffering*

**Ignorance, self-centeredness, attachment and aversion, and fear of death are the causes of all suffering.**

There are five main types of *kleshas:*

AVIDYĀ(ignorance)

Due to lack of knowledge of the consequences of our actions, we often choose something that brings us pleasure and comfort at the moment, and do not consider whether it may create disappointment, suffering and illness later on. So we get into problems and turbulence again and again because of our *karmas.*

ASMITĀ(ego, ego attachment)

The ego is our greatest illusion, and the one that is most deeply and strongly anchored in consciousness. The fundamental fallacy consists of the false identification with the body, characteristics, habits, thoughts and feelings.

The following three *vrittis*result from *asmitā:*

RĀGA (attachment, possessiveness)

Being attached is the desire to possess, to hold on. Yet this very attitude creates suffering and fear. We suffer because we cannot have something we desire and are afraid of losing things or people we are attached to.

From *rāga*inevitably arises the next disturbance:

DVESHA(aversion, jealousy, envy)

Unfulfilled desires arouse envy and anger towards others. Fear of loss brings jealousy and discord. We want to have and hold on to pleasant things – even if they are harmful to us, the environment or other living beings. Unpleasant things, on the other hand, we try to avoid, even if they are healthy and beneficial.

ABHINIVESHA(fear of non-existence)

Fear of death, of non-existence, is the primordial fear, the "root of fear", which expresses itself in many different fears: fear of change, fear of loss, fear of the future, etc. The life-support instinct is the strongest instinct and the fear of death the most deeply rooted fear in all living beings.

In the following *sūtras*Patanjali explains the five *kleshas* in detail.

अविद्या क्षेत्रमुत्तरषोंप्रसुप्ततनुविच्छिन्नोदाराणाम् ४ ॥

**4. avidyākṣetramuttareṣāṃprasupta-tanu-vicchinnaudārāṇām**

*avidyā – ignorance*
*kṣetra – field, nutrient medium*
*uttara – following later*
*prasupta – dormant, inactive, latent*
*tanu – small, weak*
*vicchinna – interrupted, suppressed*
*udārā – active, on top*

**Ignorance is the breeding ground of all other (disorders), may they be dormant, weak, suppressed or active.**

Ignorance is the cause of all our problems. If knowledge is missing as a connecting link between the knower and the object, we make mistakes again and again, from which we have to suffer as a consequence. If we could assess and see through all the consequences of our actions in advance, we would certainly avoid many mistakes. But as long as we are in ignorance, we will keep committing new errors that will cause us problems. We live as if in a dark room, wandering blindly in search of the exit, always bumping and hurting ourselves. Only the light of knowledge saves us from further pain by showing us the way to freedom.

अनित्याशुचिदुःखानात्मसुनित्यशुचिसुखात्मरव्यातिरविद्या ॥ ५ ॥

**5. anitya-aśuci-duḥkha-anātmasunitya-śuci-sukha-ātmakhyātir-avidyā.**

*anitya – transient, impermanent*
*aśuci – impure*
*duḥkha – sadness, suffering*
*anātma(su) – non-self*
*nitya – eternal, constant*
*śuci – pure*
*sukha – joy, happiness*
*ātma – self*
*khyāti – to name*
*avidyā – ignorance*

**To take the perishable for unchangeable, the impure for pure, the suffering for auspicious, and the non-self for the true self, is ignorance.**

Patanjali therefore says: "The pleasures of this world are not permanent. Be aware that one day you will have to part with them. Therefore, free yourself from that inner attachment which causes you to suffer on separation. But it is best not to waste any time at all on the transitory, but to turn exclusively to that which is eternal and unchangeable – God.

Most of the time we let ourselves be too influenced by sensory impressions, momentary feelings and changing thoughts. In itself, there is nothing wrong with wanting to enjoy something beautiful. However, because we are deeply aware of its transience, worldly enjoyment is always fraught with ambivalent feelings. When we look at a flower and enjoy its beauty, we are deeply aware that it will soon wither – that we will soon have to part with it. This certainty touches the deep inner fear of loss, farewell and death and at the same time evokes melancholy and sadness in us.

Everything beautiful and pleasant very quickly leads to attachment (*rāga*), and this is always linked with worry and fear. Many of the unfortunate circumstances we suffer from are caused by our own ignorance. We recognise our mistakes from the painful results and learn to do better next time.

Certainly, it would be nice to be able to live an undisturbed life without difficulties. But even if we "bump our heads", this has a good side. For what would we be without such opportunities to strengthen the will and stamina, to deepen knowledge and insight, to get to know and examine ourselves?

We can face the problems we encounter in life in one of two attitudes: by accepting them as a karmic task that we have to overcome, or by perceiving them as a mere burden that pushes us down.

The first attitude turns problems into challenges that we can grow from. In the second case, we miss the opportunity to learn and develop.

# हमारे पूज्य हैं सभी देवता

**देवर्षि कलानाथ शास्त्री**

**(राष्ट्रपति सम्मानित), प्रधान सम्पादक** ''भारती''संस्कृत मासिक

**पीठाचार्य, भाषामीमांसा एवं शास्त्रशोध पीठ** - विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान, जयपुर

**पूर्व अध्यक्ष** - राजस्थान संस्कृत अकादमी

**आधुनिक संस्कृत पीठ** - जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय

**पूर्व निदेशक** - संस्कृत शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान सरकार

**सदस्य** - संस्कृत आयोग, भारत सरकार

भारतीय संस्कृति अनेक देवताओं की पूजा का विधान करने वाली संस्कृति है। यहाँ राम, कृष्ण, शिव, दुर्गा आदि अनेक देवताओं की आराधना का सुदीर्घ इतिहास है। इसीलिए पाश्चात्य धर्मेतिहास विमर्शको ने इस पर बहुत विचार किया है कि क्या भारत बहुदेववादी है ? बहुदेववादी देशों की मान्यता को अंग्रेजी में पोलीथीइस्ट (Polytheist) कहा जाता है और एकेश्वरवादी को मोनोथीइस्ट (Monotheist)। अनेक देश एक ही ईश्वर या आराध्य को मानते हैं। हमारे यहाँ भी चाहे हम अपना एक आराध्य मान कर चलें किन्तु पूजा और आराधना अनेक देवताओं की बराबर की जाती है। इसे बहुदेववाद नहीं कहा गया। इसका नाम रखा गया हीनोथीइज्म (Henotheism) अर्थात् एकैकाधिदेववाद। इस सिद्धान्त में विभिन्न गुणों और मान्यताओं के लिए विभिन्न देवताओं की पूजा की परम्परा रहती है। इस विघ्नहरण के लिए गणेश की पूजा करते हैं, विद्या की प्राप्ति के लिए सरस्वती की, कल्याण के लिए शिव की। तभी तो पूरे देश में रामनवमी के दिन राम की पूजा की जाती है, जन्माष्टमी के दिन कृष्ण की, शिवरात्रि को शिव की, गणेश चतुर्थी को गणेश की। एकैकाधिदेव की यह मान्यता सदियों से हमारे देश की पहचान है।

एक ही देवता की पूजा और अन्यों की मान्यता को नकारने से अनेक संकट भी बहुधा उत्पन्न हो जाते हैं। किन्हीं काल खण्डों में कुछ धर्माचार्यों ने एक आराध्य के अलावा अन्य किसी को न मानने की 'अनन्य भक्ति का प्रचार अपने अनुयायिओं पर एकाधिकार प्राप्त करने की ललक से चाहे किया हो किन्तु अन्य देवताओं की मान्यता इस देश में कभी समाप्त नहीं हुई। ऐसी घटनाओं का इतिहास अवश्य मिलता है कि किसी कालखण्ड में दक्षिण भारत में शैवों और वैष्णवों में हिंसक संघर्ष हुआ, शाक्तों और अन्य अनुयायिओं में परस्पर कटुता फैलने का इतिहास भी मिलता है किन्तु ऐसी कटुताओं को निर्मूल करने के प्रयासों की परम्परा हमारे यहाँ अत्यन्त सुदृढ रही है। अनेक धर्मग्रन्थ, काव्य, उपदेश पुस्तकें इस प्रकार का पावन सन्देश देती आज भी पहचानी जा सकती हैं जिनमें विभिन्न देवताओं में

समान श्रद्धा का उपदेश हो, देवताओं में सामञ्जस्य के सिद्धान्त प्रतिष्ठापित किए गए हों।

यह तथ्य तो सुविदित ही है कि शैवों और वैष्णवों में संघर्ष समाप्त कर समरसता स्थापित करने का जो कार्य सन्त तुलसीदास के रामचरितमानस ने किया उसके बाद शैवों और वैष्णवों में कटुता को कोई घटना नहीं पाई गई। सन्त तुलसीदास ने शिव को राम का भक्त बताया, शिवजी ने पार्वती को रामकथा किस प्रकार कही इसका वर्णन किया।

राम के द्वारा शिव की प्रतिष्ठा (रामेश्वरम्) का विवरण दिया। रामचरितमानस सदियों से इस देश की अन्तरात्मा को जिस प्रकार विभोर करता रहा है उसका एक प्रमुख कारण सामञ्जस्य की यह संजीवनी ही तो है। इसी प्रकार की एक अमर पौराणिक संजीवनी है मार्कण्डेय पुराण में समाविष्ट तेरह अध्यायों की देवीगाथा 'दुर्गासप्तशती' जिसमें दुर्गा को समस्त देवताओं की तेजोराशि से उद्भूत अमर शक्ति बताया गया है। उसके विभिन्न अङ्ग विभिन्न देवों के तेज से बने, उसके विभिन्न शस्त्र विभिन्न देवताओं द्वारा समर्पित बताए गए। समस्त देवताओं की समन्वित शक्ति की निधान दुर्गा ने समस्त अनिष्ट दैत्यों का संहार किया और विभिन्न युगों में आप धर्म की स्थापना की।

विभिन्न आराध्य देवताओं में समन्वय और सामंजस्य का सन्देश हमारी संस्कृति में सर्वाधिक मान्यता प्राप्त सिद्धान्त रहा है। इस सन्देश को प्रसारित करने वाले ग्रन्थ इसीलिए सदियों से लोकप्रियता प्राप्त करते रहे हैं। इसी सन्दर्भ में मुझे याद आ रही है वह घटना जिसमें 6-7 दशक पूर्व विख्यात शाक्त सन्त स्वामी हरिहरानन्दनाथजी ने मुझे दुर्गासप्तशती के नियमित साप्ताहिक पाठ की सलाह दी थी जो मैंने प्रारम्भ किया और निरन्तर चालू रखा और फलदायी रहा। इसकी चर्चा मैंने प्रसिद्ध मासिक 'कल्याण' के कृपानुभूति विशेषाङ्क (2022) में एक लेख द्वारा की थी। इस लेख को पढ़कर बीसियों साधकों ने मुझसे फोन पर चर्चा की और मार्गदर्शन चाहा। तभी मुझे याद आया कि मैंने स्वामीजी से यही पूछा था कि हम वैष्णव परिवार के सदस्य हैं, श्रीमद् भागवत के भक्त हैं जिसकी भाषा, शैली और काव्यगरिमा का कोई सानी नहीं है, अन्य अनेक मन्त्र और स्तोत्र हमें याद हैं फिर सप्तशती ही क्यों? इस पर उन्होंने यही बताया था कि सप्तशती में समस्त देवताओं की मान्यता निबद्ध है। सभी देवों का उल्लेख है। द्वापर के अन्त में अवतीर्ण श्री कृष्ण तक का नाम दो जगह अंकित है। उससे सभी देवों की समान कृपा प्राप्त हो जाती है। अन्य स्तोत्र और मन्त्र सभी वन्दनीय और मान्य हैं, उन सबका समान आदर सप्तशती में उपदिष्ट है।

इस दृष्टि से भारतीय संस्कृति की आधारभूत मान्यता विभिन्न देवताओं के प्रति श्रद्धा और सभी में सामंजस्य देखने की प्रवृत्ति मानी जानी चाहिए। भारत के विभिन्न अंचलों में अपनी - अपनी धार्मिक परम्पराओं के अनुसरण में लगे भारतीयों के मानस मे ंअन्य सम्प्रदायों, परम्पराओं और मान्यताओं के प्रति जो सामंजस्य भाव है वह सदियों से इस देश के सांस्कृतिक इतिहास की अक्षय निधि है।

# श्राद्ध महत्त्व एवं कर्म प्रक्रिया

रमाशंकर गौड़

भारतीय संस्कृति पुनर्जन्म एवं कर्म सिद्धान्त पर आधारित है। प्रत्येक व्यक्ति को जन्म से मृत्यु तक अपने कर्त्तव्य धर्माचरण एवं अन्य कर्म सावधानी पूर्वक, तत्परता से करने होते हैं। हमारे वेदों में शास्त्रों में सम्पूर्ण क्रियाकलापों का विवेचन कर्त्तव्य-अकर्त्तव्य, धर्म-अधर्म के अनुक्रम में विधि - विधान पूर्वक दिया हुआ है।

श्रीमद् भगवद् गीता में वासुदेव कृष्ण कहते हैं-

**सर्वकर्मणा तमभ्यर्च्य सिद्धिम् विन्दति मानवः।**

अतः परमधर्म और परम कर्त्तव्य मनुष्य के लिए नैमित्तिक-नित्य कर्म है। प्रत्येक मनुष्य पर तीन प्रकार के ऋणों का उल्लेख किया गया है, वे हैं

1. देव ऋण, 2. पितृ ऋण एवं 3. मनुष्य (ऋषि) ऋण

मानव जीवन विकास की एक अविछिन्न परम्परा सतत चली आ रही है। पिता से पुत्र, पुत्र से पुत्र (पौत्र), पुत्र के पुत्र के पुत्र (प्रपौत्र) और इसी प्रकार यह श्रृंखला निरन्तर चली आ रही है अर्थात् हम जो आज विद्यमान हैं वह पूर्वजों की देन हैं, अतः उनका आधार प्रदर्शन भी अनिवार्य हो जाता है। नित्य कर्म से पूर्वोक्त ऋणों से ऊऋण हुआ जा सकता हैः-

**यत्कृत्वानृण्यमाप्नोति देवात् पैत्र्याच्य मानुषात्।**

वैदिक संस्कृति-सनातन हिन्दू धर्म में आश्विन मास जिसे क्वार मास भी कहा जाता है में हमारी पुरानी पीढ़ी, जिन्होंने हमें जन्म के अतिरिक्त संस्कार, वेशभूषा, आचार-विचार दिये, से उऋण होने के लिए श्राद्ध पक्ष का विधान होता है।

वैज्ञानिक मान्यता है इस पृथ्वी पर मनुष्य का अस्तित्व लगभग दो करोड़ वर्ष पूर्व का है। आधुनिक देववाद सिद्धान्त से पूर्व प्रारंभिक मानव ने दृष्वा प्रकृति के अनुभव से सूर्य, चन्द्रमा, आकाश, वायु, अग्नि नक्षत्र (तारे) आदि में देवत्व को स्वीकार किया। वेदों में इनकी प्रसंशा और स्तुति की गई है।

शत-दिन, ऋतु परिवर्तन के समय को परिधि में बाँधने के लिए कालचक्र की संरचना की। पल, निमिष, क्षण, पहर, घण्टे, रात दिन, मास और वर्ष का विभाजन, छोटी से छोटी और बड़ी से बड़ी इकाई में ऋतु काल का विभाजन किया एवं दिन का (सोम से रवि तक) बार एवं वर्ष को (चैत्र वैशाख से माघ फाल्गुन) मास से नामांकित किया। चन्द्रमा के घटने बढ़ने, अन्धकार और प्रकाश के क्रमान्तर को शुक्ल (प्रकाशित) कृष्ण (अन्धेर) और तिथियों में नामित किया। चन्द्रमा से पृथ्वी की कम दूरी को दृष्टिगत करते हुए आश्विन मास के कृष्ण पक्ष को पितृ कार्य हेतु चुना है।

पितृ श्राद्ध के लिए भाद्रपद पूर्णिमा से प्रारम्भ करके आश्विन कृष्ण पक्ष प्रतिपदा से आरम्भ करके अमावस्या तक 16 दिन तक श्राद्ध करने का विधान है क्योंकि मनुष्य का शरीरान्त इनमें से ही किसी तिथि के दिन ही होता है। यहाँ यह भी स्मरणीय है कि वह तिथि शरीरान्त के दिन ही मानी जायेगी न कि शरीर के निष्पादन की तिथि से (कहीं कहीं यह प्रथा भी है मगर इसके पीछे रूढ़िगत विचार ही हैं किसी व्यक्ति की मृत्योपरान्त अन्यान्य कारणों से अन्त्येष्ठि यदि 10-15 दिन उपरान्त हो तो) अस्तु, इस पक्ष के अतिरिक्त पितरो के देहान्तोरान्त के दिन भी किया जाना अपेक्षित होता है।

पौराणिक और शास्त्रकारों में पितृ पक्ष के निमित्त विधि-विधान का निर्देशन किया है जो हमारे शास्त्रज्ञान के अभाव में रहस्यमय होता चला गया है। मात्र ब्राह्मण भोजन को ही इस कार्य का अन्तिम ध्येय मान लिया गया है। इस वितण्डावाद से बचने एवं शास्त्रज्ञान प्रबोधन के लिए संक्षिप्त रूप से इस कर्म काण्ड का स्वरूप प्रस्तुत करने का यत्किंचित प्रयास किया गया है।

ऋण उऋण व पितृ पक्ष के विधानानुसार प्रतिदिन तर्पण कर्म किया जाना अपेक्षित है किन्तु व्यावहारिकता में ऐसा कर पाना अपेक्षित नहीं है, इसी प्रकार प्रत्येक मास की अमावस्या पितृ कार्य हेतु अंकित की गई हैं इस दिन जल स्थान (परण्डे) पर स्वास्तिक अंकित कर मिष्ठान युक्त भोज सामग्री व दीप प्रज्ज्वल किया जाना चाहिए।

श्राद्ध दिवसों में, जिन्हें कनागत नाम से भी उद्‌बोधित किया जाता है प्रतिदिन श्राद्ध कर्म करना चाहिए क्योंकि

किसी न किसी पूर्वज की मृत्यु इन तिथियों में हुई ही होगी। इसके सरल उपाय के रूप में प्रतिदिन पहली दो रोटी गाय के लिए निकाल कर गुड़ आदि के साथ पितरों को प्रणाम करके श्रद्धापूर्वक गाय को पहले पहल खिला देनी चाहिए।

श्राद्ध करने का अधिकारी कौन ? माता-पिता का श्राद्ध मुख्य रूप से पुत्र को ही करना चाहिए। मृत्युपरान्त अन्त्येष्टि से एकादश-द्वादस तक की क्रियाएँ ज्येष्ठ पुत्र ही करता है। विशेष परिस्थितियों में छोटा भाई भी कर सकता है। संयुक्त परिवार में ज्येष्ठ पुत्र के द्वारा वार्षिक श्राद्ध एक स्थान पर ही सम्पन्न किया जा सकता है, यदि पुत्र अलग-अलग रह रहे हों या पृथक-पृथक रसोई हो तो उन्हें पृथक पृथक सभी को श्राद्ध करना चाहिए। विष्णु पुराण में श्राद्ध के निमित्त पुत्र, पौत्र, प्रपोत्र, भाई, भतिजा, सपिण्ड संतारी में उत्पन्न पुरुष योग्य माने गये हैं। इनके अभाव में क्रमशः समानोदक की संतति, मातृपक्ष सपिण्ड या समानोदक और नितान्त शेष रहने पर स्त्री भी यह कार्य कर सकते हैं। श्राद्धाधिकारी के अभाव में मित्र अथवा राजा (शासक) और्ध्वदोहिक क्रिया कराने हेतु मान्य माने गये हैं । जिस पितर की मृत्यु तिथि ज्ञात न हो उसके निमित्त अमावस्या (सर्व पितृ) को श्राद्ध का विधान है।

श्राद्धकर्ता को एक दिन पूर्व उपयुक्त ब्राह्मण / ब्राह्मणों (पाँच या अधिक आज कल एक प्रचलन है) को निमन्त्रित करें। ऐसा ब्राह्मण लंगड़ा, काना, दाता का दास, अंगहीन अथवा अधिक अंग वाला न हो । ऐसे व्यक्ति को अतिथि के निमित्त निकाले गये भोजन से खिलाया जा सकता है।

श्राद्ध के समय रुदन, क्रोध, असत्य और अन्न के अनादर के अतिरिक्त पाकादि में लोह-पात्र का निषेध है। श्राद्ध में निषेधित पुष्प मालती, चम्पा, नागकेशर, जवा, कनेर, कचनार केतकी व रक्त पुष्प है। भोजन में मृतात्मा की पसन्द को दृष्टि में रख कर पकवान (व्यंजन) बनाये जाते है, खीर, जलेबी, इमरती, मालपुआ, दही बड़े, कचौड़ी, पूड़ी आदि सूजी के लड्डू के साथ तुरई व ग्वार फली की सब्जी की प्रमुखता होती है। चूंकि श्राद्ध शरीर के नष्ट होने के बाद भी पुरखों से लेकर वर्तमान पीढ़ी को जोड़ने की वह कड़ी है जिसमें ब्रह्माण्ड के सूक्ष्म और स्थूल जगत के मध्य ऊर्जा और द्रव्यमान के वैज्ञानिक सिद्धान्त लागू होते हैं जिस गीता 3.10-16 में वर्णित किया गया है।

श्राद्ध के कर्ता को आसन पर पूर्वामुखी बैठकर बांई अनामिका तीन और दाहिनी अनामिका में 2 कुशाओं की , अग्रभाग सामने रखते हुए पवित्री धारण कर मन्त्रोचार से पाक व सामग्री को पवित्र करें..

**ओउम् अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थां गतोऽपिवा।**

**यः स्मरेत्पुण्यरीकाक्षं स बाह्याभ्यन्तरः शुचिः।**

**दृष्टि स्पर्शनदोषतः पाकादीनां पावेत्रास्तु।।**

बाये हाथ में पीली सरसों ले निम्न मन्त्र पढ़े -

**ओ३म् नमो नमस्ते गोविन्द पुराणपुरुषोत्तम।**

**इदं श्राद्धं हृषीकेश रक्षत्वं सर्वतो दिशः।।**

तत्पश्चात दाहिने हाथ से पूर्व, दक्षिण, पश्चिम उत्तर, ऊपर और नीचे छोड़े ओ३म् प्राच्यै नमः, ओ३म् अवाच्यै नमः, ओ३म् प्रतीच्ये नमः, ओ३म् उदीच्यै नमः, ओ३म् अन्तरिक्षाय नमः, ओ३म् भूम्यै नमः

जौ और पुष्पों से भूम्यै नमः बोलते हुए तीन बार पृथ्वी का पूजन करें। गायत्री तथा निम्नांकित मन्त्र तीन बार जपें-

**ओ३म् देवताभ्यः पितृभ्यश्च महायोगिभ्य एव च।**

**नमः स्वधायै स्वाहाये नित्यमेव नमोनमः।।**

(स्वधा एवं स्वाहा अग्नि की पत्नियाँ है इनके उच्चारण से अग्नि में हविष्य ग्रहण होता है)

इसके उपरान्त संकल्प किया जाता है हाथ में जल पुष्प और चावल से ओ३म् अद्य विक्रमसंवत्सरे (अमुक) संख्यके, (अमुक) मासे, (अमुक) पक्षे, (अमुक) तिथि, (अमुक) वासरे, (अमुक) गोत्रस्य, अस्मत् पितुः (अमुकनाम) (दादा का हो तो पितामहस्य, परदादा को प्रतिपामहस्य-इसी प्रकार माता, दादी परदादी के लिये बोलें) संकल्पित श्राद्ध कर्म च करिष्ये। तदङ्गत्वेन बलिवैश्य देवाख्यं - पंचबलि कर्म।

नमक रहित आहूतियाँ अग्निपात्र में 7, जलपात्र के समीप 2 और 20 मंडल में दी जाती है। पत्तों पर पाक सामग्री रोटी / पूड़ी पर थोड़ी-थोड़ी रख कर गाय, श्वान, काक, अतिथि, पिपिलिकादि बलि पलाश या किन्ही अन्द पत्तों पर (बेल पत्र निषेध) रखी जानी चाहिए। काक बलि भूमि पर रखते हैं। श्वान व काक बलि के अतिरिक्त अन्य गाय को खिला दिया जाना चाहिए। पूर्वजों के अधूरे कार्य व इच्छाओं का सम्मान करने पर वे प्रसन्न होकर हमारी इच्छाओं की पूर्ति एवं आशीर्वाद देते हैं। रोजगार न मिलने, व्यापार में लाभ न होने, विवाहादि में विलम्ब, संतति अभाव आदि कार्य में पितृदोष का होना माना जाता है।

इसके पश्चात् पितृ आसन दक्षिण में रख अपसव्य (यज्ञोपवीत बाँये कन्धे से उतार दायें कन्धे पर रख) दक्षिणामुख हो बायाँ घुटना मोड़ पितृलोक से आते उस पितर का ध्यान कर संकल्प कर आसन पर - सांकल्पित श्राद्धे इदं आसनं ते स्वधा बोल कर आसन पर गन्धं, पुष्प, ताम्बूल और वस्त्रादि रखें। पाकादि परोस कर आसन के सन्मुख रख जल से मण्डल करे, मन्त्र बोले ओउम् ''इदमन्नमेतद भूस्वामि पितृभ्यो नमः एवं ओ३म् पृथ्वी ते पात्रं छोरपिधानं ब्राह्मणस्य मुखे अमृते अमृतं जुहोमि स्वाहा। ओउम् इदं विष्णुविचक्रमे त्रेधा निदधेपदम। समूढमस्य पायं सुरे। ओ३म् कृष्णकव्यमिदंरक्षमदीयम'' पाक सामग्री का पृथक-पृथक स्पर्श करते हुए पाक रक्षा हेतु निम्न वाक्य से पात्र के बाहर तिल छोड़े।

**ओ३म् अपहता असुरा रक्षा दंगसिवेरिषद।**

पूर्वानुसार पाक का संकल्प करे - **इदंन्नं परिपिष्टं परिविष्यमाणं ब्राह्मण भोजनतृप्तिपर्यन्त् सोपकरणं ते स्वधा।**

सव्य (यज्ञोपवीत यथा स्थान कर) पूर्वाविमुख हो आशीर्वाद के लिए प्रार्थना करें-

ओ३म् गोत्रं नो वर्द्धतां दातारो नोऽभिवर्द्धताम्। वेदाः संन्ततिरेव च। श्रद्धा च नो मा व्यगमद्बहुदेयं च नोऽस्तु।। अन्नं च नो बहु भवेदतिथिं च लभेमहि। याचितारश्च नः सन्तु मा याचिष्म कञ्चन।। एताः सत्या आशिष सन्तु।

पुनः अपसव्य व दक्षिणामुख हो वस्त्र पर ब्राह्मण का नाम ले दक्षिणा रखे।

फिर सव्य और पुर्वामुखी हो प्रार्थना करे

**अन्नहीनंक्रियाहीनं विधिहीनं च यद्भवेत।**
**तत्सर्वमच्छिद्रमस्तु पित्रादीनां प्रसादतः।।**

**प्रमादात् कुर्वतां कर्म प्रच्यवेताध्वरेषु यतः।**
**स्मरणादेव तद्विष्णो सम्पूर्ण स्यादिति श्रुति।।**

तब ब्राह्मण को आसन पर बैठा पाक का गुणवर्णन कर नम्रता पूर्वक बार बार परोसें। भोजन पश्चात तिलक कर दक्षिणा देकर आशीर्वाद लें।

वार्षिकी जिस दिन व्यक्ति की मृत्यु हुई हो उस श्राद्ध के दिन भी यही प्रक्रिया दोहरानी होती है।

# मान्य मनीषी महामहोपाध्याय पं. श्री गोपीनाथ कविराज

**गोपीनाथ पारीक 'गोपेश'**

अध्यक्ष राजस्थान आयुर्वेद विज्ञान
परिषद् एवं साहित्य सरोवर

जिन कविराज जी के जीवन से मैं आपको अवगत करा रहा हूँ, वे एक प्रज्ञावान पुरुष थे, वर्तमान युग के महान् तत्वचिन्तक थे, भारत के विद्वत् परम्परा के कीर्तिस्तम्भ थे, ज्ञान-विज्ञान की प्रेरणा के प्रकाशपुंज थे, वे वस्तुतः तपः पूत विशिष्ट मान्य मनीषी थे। ऐसे महापुरुषों की लोकयात्रा लोक शिक्षा के लिये ही होती है। अतः उनके जीवन से शिक्षा ग्रहण कर उदात्त पंथ पर चलते हुये जीवन को सफल बनाना चाहिये।

आपके प्रपितामह कमलाकान्त, पितामह चन्द्रनाथ और पिता वैकुण्ठनाथ थे। आपकी माता का नाम सुखदा सुन्दरी था। आपके पिता के मित्रों में जगत् प्रसिद्ध स्वामी विवेकानन्द और भारत के प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेन्द्र प्रसाद के गुरु सतीशचन्द्र मुखर्जी प्रमुख थे। भगवान् गोपीनाथ आपके गृहदेवता थे। दोनों माता-पिता इन अपने गृहदेवता की आराधना में संलग्न रहते थे। अतः इनकी कृपा से प्राप्त पुत्र का नाम भी गोपी नाथ रखा गया। आपका जन्म सात सितम्बर सन् 1887 ई. में अपने पिता की मृत्यु के पाँच माह पश्चात् हुआ था।

गोपीनाथ जी की प्रारम्भिक शिक्षा उनके मूल गाँव कांठालिया (बंगाल) में हुई। आपके संस्कृत भाषा के गुरू पं. श्रीहाराजचन्द्र चक्रवर्ती तथा पं. श्रीप्रसन्न कुमार चक्रवर्ती थे। पिता की मृत्यु के बाद आपके अन्यतम अभिभावक पं. श्री कालाचन्द सान्याल थे। इन्होंने कविराज जी का विवाह तेरह वर्ष की आयु में ही कुसुम-कामिनी देवी के साथ करवा दिया। इस विवाह के एक वर्ष पश्चात् ही कालाचन्द जी का स्वर्गवास हो गया जिससे आपको बड़े आर्थिक संकट से गुजरना पड़ा। कालाचन्द जी की सम्पत्ति पट्टिदारों ने हड़प ली थी। कालाचन्द जी के मित्र शाह भैरव नाथराय ने ही आपके अध्ययन की पूरी व्यवस्था की, जिससे आप ढाका के जुबली स्कूल में पढ़ने लगे। यहाँ पर आपने संस्कृत भाषा के साथ साथ अंग्रेजी का भी विधिवत् ज्ञान प्राप्त किया।

आगे उच्च शिक्षा के लिये आपने जयपुर (राज.) को चुना क्योंकि आपको ज्ञात हुआ था कि वहाँ के प्राचीन नगरनियोजक श्री विद्याधर चक्रवर्ती तथा वर्तमान प्रधान मंत्री संसार चन्द्र सेन थे। इन बंगाली महाशयों के नाम जान

कर आपको आशा बंधी थी कि वहाँ जयपुर जाने पर पढ़ाई का कोई प्रबन्ध अवश्य हो जायेगा। यह सोचकर इस निराश्रित बालक ने जयपुर जाने का निर्णय पक्का कर लिया। संकोच केवल इतना ही था कि उस समय आपको हिन्दी नहीं आती थी। उस समय आपकी आयु मात्र 19 वर्ष थी।

सन् 1906 की जुलाई में आप जयपुर आये और महाराजा कॉलेज में प्रवेश हेतु उपस्थित हुये। उस समय महाराजा कॉलेज के प्राचार्य श्री संजीवन गांगुली थे और उपाचार्य मेघनाथ भट्टाचार्य थे। मेघनाथ जी को जब यह ज्ञात हुआ यह बालक बंगाल से आया है, वे बड़े प्रसन्न हुये और आपको अपने घर ले गये और आपको अपने पास ही रखा।

तीन-चार दिनों बाद से जयपुर के तत्कालीन प्रधानमंत्री संसारचन्द्र से मिलने आप गये। प्रारम्भ में आपके बंगाली उच्चारण के कारण (शोन्शार बाबू)( परेशानी हुई किन्तु फिर आप वहाँ पहुँच गये। उन्होंने आपकी पूरी व्यवस्था करवा दी और पन्द्रह रु० मासिक छात्रवृत्ति भी दिलवा दी गई। जब आपको मालूम हुआ कि यहाँ के गोविन्ददेव पुजारी भी बंगाल से ही आये है तो आप उनसे भी मिले। इस जयपुर प्रवास के समय आपकी माताजी और पत्नी आपके ससुराल में ही रहे।

आप जयपुर में सन् 1906 से लेकर 1910 तक रहे। इस बीच आप चन्द्रधर शर्मा गुलेरी एवं पं. गौरीशंकर हीरानन्द ओझा आदि से कई बार मिले। इन्हीं दिनों आप जयपुर राज्य के तत्कालीन महा लेखा परीक्षक सत्येन्द्र नाथ मुखर्जी से भी कई बार मिले थे जिनके साथ लम्बी अध्यात्म चर्चा ये होती रहती थी। मधुसूदनजी ओझा के विषय में आपने लिखा है- जब मैं जयपुर रहा, तब एक महान् पुरुष की चर्चा चारों ओर होती रहती थी। इनका नाम था विद्यावाचस्पति मधुसूदन ओझा । ये महाराजा जयपुर के निजी पुस्तकालय के अध्यक्ष थे। ओझाजी के सम्बन्ध में प्रसिद्ध था कि इन्हें प्राचीन भारत का बहुत सा लुप्त विज्ञान मालूम है। इन पर उन्होंने कई ग्रन्थों की रचना भी की है। तब तक वे ग्रन्थ प्रकाशित नहीं हुये थे। उस समय तक उनकी एक मात्र पुस्तक प्रत्यन्त प्रस्थान-मीमांसा मुद्रित हुई थी। मैं जयपुर में प्रधान मंत्री संसार चन्द्र सेन के मकान पर रहता था। तब वहाँ कभी कभी किसी व्याख्यान के सम्बन्ध में इन महाशय का आगमन होता था। मेरे दो परिचित पं. आद्यादत्त ठाकुर तथा पं. लक्ष्मणदत्त ओझा, मधुसूदन जी के घनिष्ट सम्पर्क में रहते थे। उनके द्वारा इनकी लोकोत्तर विद्वत्ता की कथायें सुनने में आती थी।

आगे की शिक्षा के लिये कविराज जी जयपुर से काशी चले गये। काशी में स्नातकोत्तर शिक्षा के लिये आप अपने प्रपितामह के भतीजे पं. दीनबन्धु कविराज के यहाँ रहे। आपने एम. ए. परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। उत्तीर्ण होते ही लाहौर से शिक्षा प्रथम में उत्तीर्ण की। उत्तीर्ण होते ही लाहौर से प्रिंसिपल पद का तथा अजमेर मेयो कॉलेज से संस्कृत प्रोफेसर पद का नियुक्ति पत्र प्राप्त हुआ किन्तु आप दोनों स्थानों पर नहीं गये। इसी मध्य साधना में लगे रहे। सन्

1924 में गवर्नमेन्ट संस्कृत कालेज काशी के प्रिंसिपल पर आप नियुक्त हुये। आपने 1937 ई. में काल पूर्व ही कार्य निवृत्त होकर अपने स्वाध्याय एवं साधना में संलग्न रहे।

आपने कई सन्त-महात्माओं से सम्पर्क कर ज्ञानार्जन किया, जिनमें श्री लोकनाथ ब्रह्मचारी, स्वामीजी शिवराम किंकर, श्री भोला गिरि, नागाबाबा आदि प्रमुख हैं। आपने स्वामी श्री विशुद्धानन्द जी को अपना अध्यात्म गुरु बनाया था।

आपकी बहुमुखी प्रतिभा एवं सतत स्वाध्यायसाधना तथा तपश्चर्या से प्राप्त विविध ज्ञान-विज्ञान सम्बन्धी अनेकानेक अनुभवों को मूर्त रूप देने के लिये इतने आलेख लिखे कि उन सब का नामोल्लेख करना ही बड़ा कठिन कार्य है। कई मौलिक ग्रन्थ आपके प्रकाशित हुये उनमें मुख्य हैं- विशुद्धानन्द प्रसंग, अखण्ड महायोग, पूजा, विशुद्ध वाक्यामृत, भारतीय साधनार धारा, साहित्य चिन्ता आदि बंगाल भाषा के ग्रन्थ हैं। तान्त्रिक वाङ्मय में शक्ति दृष्टि, भारतीय संस्कृति और साधना, काशी की सारस्वत साधना आदि हिन्दी के ग्रन्थ हैं तथा पाँच ग्रन्थ अंग्रेजी में लिखे गये है जिनमें विवखालियोग्राफी ऑफ न्याय वैशेषिक लिटरेचर प्रमुख है। इनके अतिरिक्त बंगला, संस्कृत और अंग्रेजी के लगभग 21 ग्रन्थों का आपने सम्पादन भी किया। 50 से अधिक हिन्दी, संस्कृत और अंग्रेजी में लिखे गये विविध ग्रन्थों की आपने भूमिका लिखी।

संस्कृत रत्नाकर (जयपुर-सं. गिरधर शर्मा चतुर्वेदी), अमरभारती (काशी), सारस्वती-सुषमा (काशी), सागरिका (सागर- म.प्र.), सूर्योदयः (काशी) आदि संस्कृत-पत्रिकाओं में आपके अनेक शोधनिबन्ध तथा आलेख प्रकाशित हुये। हिन्दी की कल्याण पत्रिका (गोरखपुर- सं. हनुमान प्रसाद पोद्दार) के अंक-विशेषांको में आपके चालीस से अधिक लेख प्रकाशित हुये, जिनमें सूर्यविज्ञान, लिंगरहस्य, शक्ति-साधना, मृत्युविज्ञान, शक्तिपात-रहस्य, दीक्षा रहस्य, भक्ति-रहस्य, योग और परकाया प्रवेश, देहसिद्धि का अभिमान और मनुष्य आदि महत्त्वपूर्ण लेख प्रकाशित हैं। इसके अतिरिक्त राष्ट्रधर्म (लखनऊ), विश्व भारती (प. बंगाल) त्रिपथगा (लखनऊ), नागरी प्रचारिणी पत्रिका (काशी) भारती (बम्बई), चिन्तामणि (काशी) आदि बहुत सी हिन्दी पत्रिकाओं में अनेक लेख प्रकाशित हुये। अकेली आनन्द वार्ता (वाराणसी) पत्रिका में आपके लगभग 50 आलेख छपे हैं। बंगला और अंग्रेजी भाषा को भी विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में आपके विविध विषयों पर लेख प्रकाशित हुये हैं, जिनका नामोल्लेख करना ही बड़ा विस्तृत कार्य है।

आपके द्वारा लिखे गये पत्रों की श्रृंखला भी बहुत बड़ी है जिनमें जीवन के बहुत से आदर्श आयामों पर विस्तृत चर्चायें हुयी हैं। ये पत्र भी किन्ही शोध-प्रबन्धों से कम नहीं है। अपने जीवन की उदात्त साधनाओं की अनुभूतियों के आकलन से ये पत्र भरे पड़े हैं। किसी विषय की अनुभूति परक विवेचना को व्यक्त करने में आप सिद्धहस्त थे। ऐसी

विलक्षण प्रतिभा बहुत कम देखने को मिलती है।

कविराज जी की कृतियों में समन्वय का स्वर है। साधना और दर्शन की विभिन्न विरोधी शाखाओं में आपकी असाधारण पैठ का यही रहस्य है। इस साधना के मूल कारण है- सद्गुरु की शुद्ध-विद्यात्मिका कृपा दृष्टि का प्रभाव तथा आगम शास्त्र का सतत परिशीलन। जहाँ तक सद्गुरु की कृपा दृष्टि का सम्बन्ध है, अपने जीवन काल में विशुद्धानन्द साधना-सूत्र का संचालन करते ही रहे, तिरो धान के बाद भी वे आप से अपना भावसम्बन्ध बनाये रहे। विविध साधना मार्गो के पहुँचे हुये सन्त-महात्माओं का सम्पर्क भी आपकी इस समन्वय दृष्टि के विकास में सहायक सिद्ध हुआ। इसकी पुष्टि आगमसाहित्य के जीवन-व्यापी स्वाध्याय से हुई। आपकी यह धारणा रही कि अब तक विश्व में जिन दिव्य शक्तियों, महापुरुषों, धर्मप्रवर्तकों, सिद्धों आदि के रूप में प्रादुर्भाव होता रहा है, उनका उद्देश्य धर्म संस्थापना के लिये, सज्जनों की रक्षा, दुष्टों के लिये दण्ड व्यवस्था तथा युगचेतना के अनुकूल ज्ञान, भक्ति एवं योग के नवीन मार्गों का उद्घाटन करना रहा है।

आपके चिन्तन का सार यह है कि वैदिक, अवैदिक, शैव, शाक्त, वैष्णव, बौद्ध, जैन आदि नाना प्रकार के विद्या प्रस्थान है। इनमें न कोई किसी से बड़ा है और न कोई छोटा। मनुष्य की रुचि तथा अधिकार के भेदानुसार इनमें से कोई किसी के लिये उपादेय तथा हितकारी होता है और कोई किसी के लिये। किन्तु मार्ग भिन्न होने पर भी सभी का परम लक्ष्य एक ही है। परमसत्ता में किसी प्रकार का विकल्पावरण नहीं रहता है। जितने भेद विकल्प राज्य में हैं वे मार्गरूप हैं। इन विकल्पों का अतिक्रमण हो जाने पर द्वन्द्वातीत अवस्था स्वतः आ जाती है।

जब कविराज जी मात्र छह वर्ष की अवस्था में थे तब शिकागों में दिये अपने वक्तव्य में भी इसी बंग भूमि के सपूत स्वामी विवेकानन्द ने भी इस प्रकार के उद्गार प्रकट किये थे- मैं एक ऐसे धर्म का अनुयायी होने में गर्व का अनुभव करता हूँ जिसने संसार को सहिष्णुता तथा सार्वभौमिक धार्मिक स्वीकृति, दोनों की शिक्षा दी है। हमें सिखाया गया है कि जैसे सीधे-टेढ़े मार्गो से बहती हुई सभी नदियां अन्त में समुद्र में ही पहुँचती हैं, उसी प्रकार सभी मतानुसार्य उस एक परम शक्तिमान के ही पास पहुँचते हैं-

**रुचीनां वैचित्र्यादृजुकुटिलनानापथजुषां**

**नृणामेको गम्यस्त्वमसि पयसामर्णव इव।**

# श्री विष्णुप्रिया भगवती लक्ष्मी

**डॉ. मनीषा शर्मा**
प्राचार्य
राजस्थान शिक्षक प्रशिक्षण विद्यापीठ, जयपुर

भगवती महालक्ष्मी मूलतः भगवान् विष्णु की अभिन्न- शक्ति हैं और सूर्य एवं उनकी प्रभा तथा अग्नि की दाहिका- शक्ति एवं चन्द्रमा की चन्द्रिका के समान वे उनकी नित्य सहचरी हैं। पुराणों के अनुसार वे पद्मवनवासिनी, सागरतनया और भृगु की पत्नी ख्याति की पुत्री होने से भार्गवी नाम से विख्यात हैं। इन्हें पद्मा, पद्मालया, श्री, कमला, हरिप्रिया, इन्दिरा, रमा, समुद्रतनया, भार्गवी, जलधिजा इत्यादि नामों से भी अभिहित किया गया है। इनके कई शतनाम तथा सहस्रनाम स्तोत्र उपलब्ध होते हैं। ये वैष्णवी शक्ति हैं। भगवान् विष्णु जब-जब अवतीर्ण होते हैं, तब-तब वे लक्ष्मी, सीता, राधा, रुक्मिणी आदि रूपों में उनके साथ अवतरित होती हैं। महाविष्णु की लीला-विलास-सहचरी देवी कमलाकी उपासना वस्तुतः जगदाधार-शक्ति की ही उपासना है। इनकी कृपा के अभाव से जीव में ऐश्वर्य का अभाव हो जाता है। विश्वम्भर की इन आदिशक्ति की उपासना आगम निगम सभी में समान रूप से प्रचलित है। इनकी गणना तान्त्रिक ग्रन्थों में दस महाविद्याओं के अन्तर्गत कमलात्मिका नाम से हुई है।

पुराणों के अनुसार प्रमादग्रस्त इन्द्र की राज्यलक्ष्मी महर्षि दुर्वासा के शाप से समुद्र में प्रविष्ट हो गयीं फिर देवताओं की प्रार्थना से जब वे प्रकट हुईं, तब उनका सभी देवता, ऋषि- मुनियों ने अभिषेक किया और उनके अवलोकन-मात्र से सम्पूर्ण विश्व समृद्धिमान् तथा सुख-शान्ति से सम्पन्न हो गया। इससे प्रभावित होकर इन्द्र ने उनकी दिव्य स्तुति की, जिसमें कहा गया है कि लक्ष्मी को दृष्टिमात्र से निर्गुण मनुष्य में भी शील, विद्या, विनय, औदार्य, गाम्भीर्य, कान्ति आदि ऐसे समस्त गुण प्राप्त हो जाते हैं, जिससे मुनष्य सम्पूर्ण विश्व का प्रेम तथा उसकी समृद्धि प्राप्त कर लेता है। इस प्रकार का व्यक्ति सम्पूर्ण विश्व का आदर एवं श्रद्धा का पात्र बन जाता है-

**त्वया विलोकिताः सद्यः शीलाद्यैरखिलैर्गुणैः ।**

**कुलैश्वर्यैश्च युज्यन्ते पुरुषाः निर्गुणाः अपि ॥ (विष्णुपु० १।९।१३०)**

विश्व के प्राचीनतम ग्रन्थ ऋग्वेद के पञ्चम आत्रेय मण्डल का खिलसूक्त (श्रीसूक्त) देवी लक्ष्मी से ही सम्बद्ध है। पुराणों तथा रामायण-महाभारतादि आर्ष ग्रन्थों के अनुसार इनके 'विष्णुपत्नी' रूप की सर्वमान्यता है। ये सुवर्णवर्णा चतुर्भुजा अनिन्द्य सौन्दर्य से सम्पन्न हैं। सर्वाभरणभूषित कमल के आसन पर स्थित हो अपने कृपाकटाक्ष से भक्तों की समस्त कामनाओं की पूर्ति करती हैं। इनकी उपासना अत्यन्त श्रेयस्करी है। श्रीसम्प्रदाय की आद्य प्रवर्तिका के रूप में इनका उल्लेख मिलता है। पुराणों में इनकी उत्पत्ति के सम्बन्ध में कई कथाएँ प्राप्त होती हैं। ब्रह्मवैवर्तपुराण के अनुसार सृष्टिके पहले रासमण्डल में स्थित परमात्मा श्रीकृष्णके मनसे एक गौरवर्णा देवी प्रकट हुईं, जो रत्नमय अलंकारों से अलंकृत थीं । उनके श्रीअङ्गों पर पीताम्बर सुशोभित हो रहा था और मुख पर मन्द हास्य की छटा थी। वे नवयौवना देवी सम्पूर्ण ऐश्वर्यों की अधिष्ठात्री तथा फल-रूप से सम्पूर्ण सम्पत्तियों को प्रदान करने वाली थीं। वे ही स्वर्गलोक में स्वर्गलक्ष्मी तथा राजाओं के यहाँ राजलक्ष्मी कहलाती है- आविर्बभूव मनसः कृष्णस्य परमात्मनः ।

**एका देवी गौरवर्णा रत्नालंकारभूषिता ।**
**पीतवस्त्रपरीधाना सस्मिता नवयौवना ।।**
**सर्वैश्वर्याधिदेवी सर्वसम्पत्फलप्रदा ।**
**सास्वर्गे च स्वर्गलक्ष्मीश्च राजलक्ष्मीश्च राजसु ।।**(ब्रह्मवै०पु०, ख० ३। ६५-६६ )

इसी पुराण में समुद्रमन्थनोपरान्त सिन्धुसुतारूप में भगवती लक्ष्मी के प्राकट्य और विष्णु-वरण की भी बात आती है। समग्रतः लक्ष्मी की उत्पत्ति के विषय में यही कथा प्रायः सर्वानुमोदित है। अन्य देवियों की भाँति लक्ष्मीजी के भी कई ध्यान, स्तोत्र, कवच, पटल आदि प्राप्त होते हैं। भगवान् विष्णु के दिव्य शरीर में उनका वक्षःस्थल ही विशेष रूपये भगवती कमला का निवास स्थान निरूपित किया गया है। भगवान् विष्णु और लक्ष्मी का परस्पर अभेद-सम्बन्ध है। जगत्पिता भगवान् विष्णु जैसे सर्वव्यापक हैं, उसी प्रकार उनकी दिव्य शक्ति महालक्ष्मी भी सर्वव्यापिका हैं।

**देवी लक्ष्मीका ध्यान**

देवी महालक्ष्मी आदिभूता, त्रिगुणमयी और परमेश्वरी हैं। व्यक्त और अव्यक्त-भेद से उनके दो रूप हैं। वे उन दोनों रूपों से सम्पूर्ण विश्व को व्याप्त करके स्थित हैं। स्त्री रूप में इस संसार में जो कुछ भी दृश्यमान है, वह सब लक्ष्मीजी का ही विग्रह है। भगवती महालक्ष्मी के अनेक ध्यान हैं, यहाँ शारदातिलक से एक ध्यान-श्लोक दिया जा रहा है-

**कान्त्या काञ्चनसंनिभां हिमगिरिप्रख्यैश्चतुर्भिर्गजै- हस्तोत्क्षिप्तहिरणमयामृतघटैरासिच्यमानां श्रियम् । बिभ्राणां वरमब्जयुग्ममभयं हस्तैः किरीटोज्ज्वलां क्षौमाबद्धनितम्बबिम्बलसितां वन्देऽरविन्दस्थिताम् ।।(218)'**

जिनकी कान्ति सुवर्ण-वर्ण के समान प्रभायुक्त है और जिनका हिमालय के समान अत्यन्त ऊँचे उज्ज्वल वर्ण के चार गजराज अपनी सूँड़ों से अमृत-कलश के द्वारा अभिषेक कर रहे हैं, जो अपने चार हाथों में क्रमशः वरमुद्रा, अभयमुद्रा और दो कमल धारण किये हुई हैं, जिनके मस्तक पर उज्ज्वल वर्ण का भव्य करीट सुशोभित है, जिनके कटि प्रदेश पर कौशेय (रेशमी) वस्त्र सुशोभित हो रहे हैं। ऐसी कमल पर स्थित भगवती लक्ष्मी की मैं वन्दना करता हूँ।'

**लक्ष्मीजी का निवास स्थान**

जिस स्थान पर भगवान् श्रीहरि की चर्चा होती है और उनके गुणों का कीर्तन होता है, वहीं पर सम्पूर्ण मङ्गलों को भी महल प्रदान करने वाली भगवती लक्ष्मी सदैव निवास करती हैं। जहाँ भगवान् श्रीकृष्ण का तथा उनके भक्तों का यश गाया जाता है, वहीं उनकी प्राणप्रिया भगवती लक्ष्मी सदा विराजती हैं। जिस स्थान पर शङ्खध्वनि होती है तथा शङ्ख, तुलसी और शालग्राम की अर्चना होती है, वहाँ भी लक्ष्मी सदा स्थित रहती हैं। इसी प्रकार जहाँ शिवलिङ्गकी पूजा, दुर्गा की उपासना, ब्राह्मणों की सेवा तथा सम्पूर्ण देवताओं की अर्चना की जाती है, वहाँ भी पद्ममुखी साध्वी लक्ष्मी सदा विद्यमान रहती हैं।

आमलक - फल, गोमय, शङ्ख, शुक्ल वस्त्र, श्वेत एवं रक्त कमल, चन्द्र, महेश्वर, नारायण, वसुन्धरा और उत्सव - मन्दिर आदि स्थानों पर लक्ष्मी नित्य ही स्थित रहती हैं। ब्रह्मपुराण (गोदावरी-माहात्म्य) तथा विष्णुस्मृति में भगवती लक्ष्मी के निवास भूमियों का बड़े रम्य श्लोकों में वर्णन हुआ है। लक्ष्मीव्रत का विधान है, इससे ऐश्वर्य, सौभाग्य, धन, पुत्री प्राप्ति होती है। लोक-परम्परा में आश्विन पूर्णिमा (पूर्णिमा) और कार्तिक अमावास्या (दीपावली) को लक्ष्मीजी की पूजा की जाती है। प्रकाश और समृद्धि की देवी के रूप में विष्णु की शक्ति लक्ष्मी का दीपमालिकोत्सव से भी सम्बन्ध है। उस दिन अर्धरात्रि में इनकी विशेष पूजा होती है। पुराणों और आगमों में इनके अनेक स्तोत्र हैं, जिनमें इनके चरित्र भी उपनिबद्ध हैं। इन सभी स्तोत्रों में इन्द्र द्वारा किया गया संस्तवन श्री स्तोत्र सर्वाधिक विख्यात है। वह अनि, विष्णु तथा विष्णुधर्मोत्तर आदि पुराणों में प्रायः यथावत् रूप में प्राप्त होता है। राष्ट्रसंवर्धन और राज्यलक्ष्मी के संरक्षण के लिये इसका पाठ विशेष श्रेयस्कर माना गया है। इनकी दशाङ्ग-उपासना की सम्पूर्ण विधि पटल, पद्धति, शतनाम, सहस्रनाम आदि स्तोत्रों और श्रीसूक्त के सम्पूर्ण विधान लक्ष्मीतन्त्र आदि विविध आगमों में प्राप्त है, जिनका एकत्र संग्रह शाक्त प्रमोद में श्रीकमलात्मिका प्रकरण में प्राप्त होता है। सौभाग्य लक्ष्मी-उपनिषद् में भी इनकी उपासना की सम्पूर्ण विधि प्रतिपादित है । इनकी आराधना से धर्म, अर्थ, काम, मोक्षरूपी पुरुषार्थ-चतुष्टय की प्राप्ति एवं अनेक प्रकार के अभीष्टों की सिद्धि सहज में हो जाती है।

# भट्टारकदेवशक्रविरचितप्रतापकाव्यस्य पञ्चदशसर्गस्य सम्पादनमध्ययनञ्च
## समीक्षात्मकभागः

**डॉ. शशिकुमारशर्मा**
अध्यक्षः, व्याकरणविभागः,
जगद्गुरुरामानन्दाचार्यराजस्थानसंस्कृतविश्वविद्यालयः, जयपुरम्

शास्त्राणामध्ययनमध्यापनं तदैव अतीव सुकरं भवति यदा तच्छास्त्रस्यानुकूला पद्धतिराश्रीयते। नैकविधानां गद्यपद्यव्याकरणादीनां नाना शास्त्राणां साहित्यव्याकरणदर्शनादीनां पाठनं कथं वा करणीयमिति विषये शिक्षाविधाः प्राचीनार्वाचीनशिक्षणपद्धतीर्विमर्श्य निर्दुष्टरूपेणानुकूलपद्धतयः निरूपिताः।

अत एव प्राचीनार्वाचीनशास्त्राणां पूरकशास्त्रं शिक्षाशास्त्रमिति विदुषामभिप्रायः। कः विषयः, कया पद्धत्या पाठनीयम्, कया पद्धत्या नाध्यापनीयम् इति प्रवृत्तिनिवृत्तिजनकत्वात् शिक्षाशास्त्रस्य शास्त्रत्वं सिद्धम्। वस्तुतः शिक्षाशास्त्रिणः विषयानुकूलां पद्धतिं पाठयन्ति। यथा साहित्यशास्त्रस्य टीकापद्धतिः, व्याकरणस्य आगमन-निगमनपद्धतिः, पद्यस्य अन्वयविधिरिति। अस्मिन्नेव क्रमे संस्कृतशिक्षणे मया एका नूतनपद्धतिराश्रिता। का सा नूतनपद्धतिः, सा आकाङ्क्षापद्धतिः। आङ्-उपसर्गपूर्वककाङ्क्षिधातोः अच्-टाप्प्रत्ययाभ्याम् आकाङ्क्षा इति शब्दो निष्पद्यते। अपेक्षा, जिज्ञासा, अनुसन्धानम् इत्याद्यर्थेषु शब्दोऽयं प्रयुज्यते। सांख्यकारिकाव्युत्पत्तिवादवाक्यपदीयसदृशदुरुहविषयाणामपि आकांक्षापद्धत्या अध्यापनं भवितुं शक्यते, तेन शिष्याः समीचीनरीत्या अवगन्तुं शक्नुवन्ति।

शिक्षामनोविज्ञानानुसारं सर्वेष्वपि स्तरेषु प्रायः कण्ठस्थीकरणं निरस्तमभवत्। अत्र प्रश्नोत्तरपद्धत्या अध्यापनसमये आकाङ्क्षायाः आधारभूतं पदं कारिकायाः निष्कास्य तदाधारेण प्रश्नं पृच्छति। शिक्षार्थिनः तस्य प्रश्नस्य उत्तरं कारिकायां प्रयुक्तपदाधारेणैव ददाति। एवमासान्तं कारिकां पाठयति। वारं वारं कारिकायां विद्यमानानां पदानां प्रयोगेण तत्तत्पदानाम् उच्चारणाभ्यासो भवति। तथा च विना कण्ठस्थीकरणेन कारिकां स्मरति। सांख्यकारिकायाः कारिकाणां पाठनम् आकाङ्क्षापद्धत्या कथं वा करणीयम् , येन छात्राः अल्पश्रमेण अधिकविषयज्ञानं प्राप्नुयुः।

महाभाष्येऽपि आकांक्षापद्धत्या अध्यापनं वर्तते इति दृश्यते। प्रश्नोत्तरमाध्यमेन आकांक्षापद्धतिराश्रिता। यथा – अथ शब्दानुशासनम्। शास्त्रमधिकृतं वेदितव्यम्। केषां शब्दानाम् लौकिकानां वैदिकानाञ्च।

शोधावसरे भारतदेशस्याप्रकाशितमनुद्घाटितमस्पृष्टं ज्ञानरूपमातृकाणां स्थितिं ज्ञात्वा तासां प्रकाशनार्थं मया प्रतिज्ञा कृता। अत एव मत्प्रतिज्ञापूरणांशत्वेन अप्रकाशितपाण्डुलिपिमाश्रित्य शोधकार्यमिदं प्रचलति। अस्मिन्नेव क्रमे अप्रकाशितमातृकायामपि आकाङ्क्षापद्धतिः आसीत् वा न वा इति, किं प्राचीनकालेऽपि आकाङ्क्षापद्धत्या पठनपाठनं भवति वा इति च मनसि प्रश्नः जातः। अप्रकाशितमातृकासु अन्वेषणं कृतम्। इमं विधिमाश्रित्य भट्टारकदेवशक्रमहोदयेन प्रतापकाव्यं रचितम्।

**मातृकायाः सामान्यपरिचयः –**

अस्य ग्रन्थस्य एका मातृका जयपत्तनस्थजैनदिगम्बरप्राकृतापभ्रंशसाहित्याकादमिग्रन्थालये विद्यते। अस्याः मातृकायाः प्रतिकृतिः ग्रन्थस्यास्य सम्पादनाय स्वीकृता।

**ग्रन्थस्य सामान्यपरिचयः -**

अस्मिन् ग्रन्थे द्वात्रिंशद्सर्गाः सन्ति। अत्र ग्रन्थकारेण शिखरिणीवृत्तबद्धश्लोकस्य आकाङ्क्षापद्धत्या व्याख्यानं विहितम्। अस्मिन् श्लोके भगवतः श्रीरामचन्द्रस्य प्रतापविषयः वर्णितः। अत्र प्रथमं तु मङ्गलाचरणं तत्पश्चात् प्रतापकाव्यस्य विषये लिखितम्। अस्य ग्रन्थस्य सम्पादितेकैकस्य सर्गस्य पत्रिकायां प्रकाशनं भवेत् इति मनसि निधाय सुधियां स्वान्तमावर्जयेत्तर्हि मन्ये सफलोऽयं मे प्रयास इति। प्रथमद्वितीयतृतीयचतुर्थपञ्चमसर्गाणां प्रकाशनं जातम्। इदानीं मया षष्ठमसप्तमाष्टमनवमदशमसर्गाणां वर्णनं सम्पादनञ्चात्र क्रियते। यद्यपि प्रथमसर्गादारभ्य पञ्चमसर्गपर्यन्तं अन्यपत्रिकायां प्रकाशनं जातं तथापि अत्र परिशिष्टे प्रकाशितप्रथमसर्गादारभ्य पञ्चमसर्गपर्यन्तसम्पादितभागस्यापि प्रकाशनं क्रियते। येन ग्रन्थस्य सम्पूर्णस्वरूपमेकत्रैव स्यादिति। अन्यसर्गाणामपि प्रकाशनमस्यामैव पत्रिकायां भविष्यति।

अत्र लेखकेन प्रथमसर्गे रामवाचकपक्षः स्थापितः। द्वितीयसर्गे कृष्णवाचकपक्षः स्थापितः। तृतीयसर्गे शिववाचकपक्षः स्थापितः। चतुर्थसर्गे ब्रह्मावाचकपक्षः स्थापितः। पञ्चमसर्गे सूर्यदेववाचकपक्षः स्थापितः। षष्ठमसर्गे शंवाचकपक्षः स्थापितः। सप्तमसर्गे शिवधर्मपक्षः स्थापितः। अष्टमसर्गे गणेशवाचकपक्षः स्थापितः। नवमसर्गे हनुमान्वाचकपक्षः स्थापितः। दशमसर्गे कर्त्तावाचकपक्षः स्थापितः। यथा कर्त्ता नैयायिकाणां यथा वेदातिकानां ब्रह्मा तथैव मीमांसकानां कर्मसकलविधिकरो भवतीति भावः। एवमेकादशसर्गे मीमांसकपक्षः स्थापितः। द्वादशसर्गे बौद्धमतपक्षः स्थापितः। त्रयोदशसर्गे ऋषभदेवपक्षः स्थापितः। चतुर्दशसर्गे जगच्छिरोमणिपक्षः स्थापितः। पञ्चदशसर्गे श्यामप्रभपक्षः स्थापितः।

अनया रीत्या द्वात्रिंशत् सर्गे स्वकल्पनया आकांक्षापद्धत्या भिन्नभिन्नवाचकपक्षाः स्थापिताः।

सम्पादनभागः

श्रीगणाधिपतये नमः। श्रीसरस्वत्यै नमः। श्रीगुरुभ्यो नमः।

स जयति परमात्मा यस्य लोको हि मग्नो
मननवरसमुद्रे कृष्णिकावद्विभाति।
त्रिभिदरमुदरेयं खेंशुमव्वाहिके वा
मणिरिव शुभरत्नं रोहणाद्रौ यथा वा।।१।।

गुरुपदकमलं प्रणौमि भक्त्या
हृदि मयि सततं करोमि शक्त्या।
ऋजुमनवचनैः स्तवीमि सूक्त्या
नततनुशिरसा यवीमि युक्त्या।। २।।

यस्याः प्रसत्तेर्गुणरत्नखानेर्जडार्थदात्र्यासु पदार्थपात्र्याः।
विशालबोधाः प्रभवन्त्यबोधाः प्रणौमि तां तत्प्रभुवक्त्रजाङ्गाम्।।३।।

प्रतापकाव्यं रचयामि कामधेन्वाख्यकं षोडशवृत्ततो वै।
एकेन काव्येन तथैव युग्मपक्षेन भिन्नैः रसपङ्क्तिवृत्तैः।।४।।

भूपेन्द्रवृत्तं जगति प्रसिद्धभाषासु चेच्छिलष्टतरं भवेद्वै।
तत्संस्कृते किं बहुभिस्सदर्थैः क्लृप्तं मनोहारि सतां भवेन्न।।५।।

एकार्थतो यत्र भवेद्द्वितीयोऽप्यर्थोऽत्र चित्रप्रदमेव लोके।
काव्ये पुनर्यत्र युगत्रिपक्षार्थाः किं न युक्तं गुणिनां मुदे तत्।।६।।

अर्थप्रकाशोऽत्र न चास्ति विज्ञाष्टीकां विना वाध्ययनादृतेऽपि।
एकाक्षरीकोषसुशब्दयुक्त्या विमर्शनीयः स्पृहया विनाहो।।७।।

मादर्यवन्तोऽत्र भवेयुरस्य विज्ञा वयं किं पठनेन वित्त।
राजेन्द्रचेतो हरकं तदेतत्सदर्थसारं न परं कदर्थम्।।८।।

कवीन्द्रमाना नृपतेः सभायां काव्यं पठन्तु परमादरेण।
परं सुखं नास्ति परत्र विज्ञाः प्रतापकाव्यस्य विमर्शनात्तत्।।९।।

क्व सूर्यवंशप्रभवो नृपोऽसौ क्व चात्र बुद्धिर्मम दुर्बलार्था।
तथापि राजेन्द्रगुणा बलान्मां वाचाल्यते चूतपिकेव चैत्रे।।१०।।

सन्त्येव सन्तो भुवि ये गुणेषु पराः परेषां ग्रहणेषु गृध्राः
प्रयोजनं तेऽपि विना धरित्र्यां जीयासुरत्रापरकृत्य विज्ञाः।।११।।

जीयासुरन्येऽपि हि दुर्जनाख्याः निष्कारणं ये परदोषगृध्राः।
येषां भिया न स्खलते सतां धीरहो महानेष मतो गुणो मे।।१२।।
नाना कवित्वेषु चणास्तथापि

प्रतापकाव्यं वदनेषु यूयम्।
ताम्बूलवत्कृत्य नृपस्य गोष्ट्यां
विशंतु विज्ञाः कुपमुन्मनाश्चेत्।।१३।।

यथापरे मिष्टतराः सिताऽग्रे विभान्ति लोके हि कथापरा वा।
रामायणीभागवतीकथाऽग्रे काव्यानि विश्वानि तथैतकाग्रे।।१४।।

इदं प्रबन्धं विरचय्य पूर्वं सूत्रं प्रवक्ष्ये प्रथमं हि तस्य।
द्वात्रिंशदर्थप्रसरप्रदस्य काव्यस्य स्वोपज्ञविनिर्मितस्य।।१५।।

इति पीठिका।

।। पञ्चदशमः सर्गः।।

सरामोऽरामोऽसौ रमणिगणगौणज्ञयगुणः।
सकृष्णाभः कृष्णो हतभुवनकालुष्यकलनः।।

प्रतापेट्शंकर्त्ता शिवपदिशिवो वोऽवनकरो
विधेः कर्त्ता वेधाः सकलविधिदो भूप भवतात्।।

**अस्यार्थः** – हे प्रतापेट् प्र इति दृष्टार्थे। प्र इति दृष्टादर्शितास्तापा इति संतापयुक्ता ईशा इति शत्रुभूपा येन सः प्रतापेट् तत्संबुद्धौ हे प्रतापेट् हे अभूप अ इति अत्यर्थं भूपा राजानः पा इति आर्त्ता दुःखिता यस्मात्सः अभूपस्तत्संबुद्धौ हे अभूप। अत्यन्तशत्रुभूपा दुःखिता यस्मादिति भावः। यस्त्रिष्वार्त्तौ प्रयत्ने च इति हे प्रतापसिंह भूप। सः कृष्णाभः श्यामप्रभः। अथवा कृष्ण इति श्यामनाम तेन आसमन्ताद्भातीति कृष्णाभः। अथवा कृष्ण इति कृष्णनारायणः। स नाभिर्भ्राता यस्य सः स कृष्णः स नाभिरित्यर्थ स आदेशः। स कृष्णेन भ्रात्रा आसमन्तात् भातीति सकृष्णाभः बृहद्भ्राता श्रीवसुदेवनन्दनः श्रीकृष्णनारायणः। अथ च समुद्रविजयनृपनन्दनो लघुभ्राता नेमिनाथः तन्नामश्यामकान्ति चात् श्यामप्रभ इति प्रसिद्धतरः। सो देवो वो युष्माकम् अवनकरो रक्षाकरो भवतु।

**१. कथंभूतः सकृष्णाभः श्यामप्रभः ? सरामः।**

रामेण बलभद्रेण भ्रात्रा सह वर्त्तमानः सरामः। एतावता बलभद्रः श्रीकृष्णः नेमिनाथः एते भ्रातरो देवास्त्रयः इति भावः।

**२. पुनः कथं भूतः श्यामप्रभः ? अरामः।**

उग्रसेन नृपतनया राजीमतिस्तद्विवाहकरणार्थं समागत्य पशुगणपूत्कारश्रवणीद्विरक्तौ भूत्वा तोरणसहितद्वारात् स्पन्दनं प्रत्यावृत्त्य गिरि नारि गिरौ गत्वा राजीमतिम् अपरिणीतां त्यक्त्वा तपश्चकार अतः कारणादेव अरामः स्त्रिया विराहितः।

**३. पुनः कथं भूतः श्यामप्रभः ? असौः।**

अस्य विष्णोः सौः इति सहोदरः पितृव्यनन्दनत्वादिति सोः सोमः सौः सहोदर इति सौभरिकृतैकाक्षर्याम्।

**४. पुनः कथं भूत श्यामप्रभः ? रमणिगणगौणज्ञयगुणः।**

रमणीगणनां गुणसमूहस्य ज्ञ इति ज्ञाता तथापि यगुणः त्याजितप्राधान्यं येन सः रमणीगणगौणज्ञयगुणः पूर्वं कुमारक्रीडाकाले भ्रातृश्रीकृष्णनारायणवधूभिः सार्द्धं वसन्तक्रीडनाकृता ताभिरुक्तं भो देवरविवाहं करणीयं तत्संक्रीडनावसरे स्मितं कृतं तदा ताभिः ज्ञातं विवाहं मानितं तदा उग्रसेन कन्यया सार्द्धं भ्रात्रा कृष्णेन विवाहमारब्धं पुनस्तेन वैराग्यभावेन प्राधान्यं न कृतं त्यजितमिति भावः। संसारमनित्यं ज्ञात्वेति। अथवा र इति द्रव्यं च मणयोरत्नानि च गणा इति सैन्यप्रभेदाश्च गौण एवागौणाः शुष्कफलानि नालिकेरखर्जुरद्राक्षावातामपि स्ताप्रमुखविधमेवा द्रव्याणि च रमणिगणगौणास्तान् जानातीति रमणिगणगौणज्ञस्तेषु य इति वायुस्तद्वद्गुणो रूपो यस्य सः रमणिगणगौणज्ञयगुणः। अर्थात् द्रव्यमणिसैन्यनानाविधमिष्ठान्नफलभक्षणस्वादुकारकः पूर्वं त्यजनावसरे पवनवत् योनिः परिग्रहवानभऊत्

इति भावः। गणः समूहे प्रथमे संख्या सैन्यप्रभेदयोरिति विश्वः। गौणः शुष्कफले तक्रे इति विश्वः। यस्त्यागे निलये वायौ इत्यनेकार्थ्याम्। गुणो रूपादिसत्वादि इति।

**५. पुनः कथं भूतः श्यामप्रभः ? कृष्णो हतभुवनकालुष्यकलनः।**

कृष्णः कलुषश्चासौ उ इति लोभश्च कृष्णोः तेन हतो मुषितः छलितो वायो भुवनो लोकस्तस्य कालुष्यं पापं तस्य धर्मोपदेशदानेन कलनो विध्वंसक इति अर्थात् लोभः पापमूलः पापस्य वर्णं कृष्णं ततः कृष्ण इति कालिमावाचकः। ऊकारो बन्धने लोभे इति कालिदासकृतैकाक्षर्याम्।

**६. पुनः कीदृशः श्यामप्रभः ? शंकर्त्ता।**

यत्स्नानकारकवस्त्रखण्डात्प्राणिनां शीतज्वरादिरिदानीं निवर्त्तते पुनरर्थिकजनानां वाञ्छापूरणकरः इदानीमपि। यद्वा स एव गिरिनारिगढनिजयात्राकारकाणां परमसुखकारणत्वात् इति भावः।

**७. पुनः कीदृशः श्यामप्रभः ? शिवपदिशिवः।**

शिवः मुक्तिः पद्यते प्राप्यते यस्मात् स्थानात्तत् शिवपत् तस्मिन् शिवपदि मुक्तिस्थाने गिरिनारिगिरौ पर्वतस्य सकलोच्चतमेयं च मेतदेशिव इति मङ्गलप्रदः। अर्थात् जैनानां या गिरिनारिगिरौ पञ्चमसर्वोर्द्धतमतटे नेमिनाथचरणपादुका सा एव चरणपादुकावेष्णवानां मते गुरुदत्तात्रेश्चरणपादुका एका एव पादुकानभिन्ना काचित् अतो नामान्तर एव द्वयोर्भेदो गुणवाचकत्वात् गुरुभिन्नोपदेशात् न तु स्वामित्वेन्तरङ्गे भेदोऽस्ति। अथवा शिवस्य अम्बिकेश्वरस्य पदत्वेन प्रसिद्धाया पुरी अम्बावती सा शिवपदी तस्यां सः श्यामप्रभ अपि शिवः कल्याणकर इष्टधारकाणामित्यर्थः। अम्बावत्यपि विजयगिरिनारिः पूज्यपूज्यदेवाश्रयणात् इति भावः।

**८. पुनः कथं भूतः श्यामप्रभः? अविधेः कर्त्ता।**

अविधेः अमङ्गलस्य विघ्नगणस्य कर्त्ता इति। कृञ् विक्षेपे इति धातोस्तृप्रत्ययान्तत्वात् विक्षेपकारकः अमङ्गलनिवारको भक्तानामित्यर्थः।

**९. पुनः कीदृशः श्यामप्रभः ? वेधाः।**

व इति संयमस्तस्य ईर्लक्ष्मीस्तस्याधा इति विरञ्चिर्योऽसौ वेधाः। अर्थात् संयमलक्ष्मीविधाता इत्यर्थः। वः पुमान् गवरे वायौ संयमे वरुणे स्मरे इति वचनात्। इकारो कज्जले लक्ष्म्याम् इति। धाविरञ्चौ बहुष्वर्थे। अथवा। व इति कामस्तस्य वाः इति वाणास्तेषां ध इति विनाशस्तत्र अः इति ज्ञो विद्वान् योऽसौ वेधाः। अर्थात्कामबाणविध्वंसकरणपण्डित इत्यर्थः। कामवाचको व इति ज्ञेयः पूर्वोक्तम्। इरहर्मणिरश्मौ तु संशये

बाणमान्ययोरिति। धः पुंसि धार्मिके धीरे चित्राश्ववारयोर्वधे इति। अ इति स्वल्पेऽर्थे ज्ञेतु पुंस्यपि इति।

**१०. पुनः कथं भूतः श्यामप्रभः ? सकलः**

कलया अनिर्वाचनीयलक्षणया माहात्म्यविशेषया सहित इत्यर्थः। महाकलाधरोसीति भावः।

**११. पुनः कथं भूतः श्यामप्रभः ? विधिदः।**

विधिम् अवसरं शुभसमयं ददातीति विधिदः। अथवा विधिं विधानं ददातीति विधिदः। नानाविधानप्रदः। अथवा। विधिं राज्यादिलक्ष्म्याः विधानं ददातीति विधिदः मनो वाञ्छितलक्ष्मीप्रदः वरपूरणकर इति भावः। ईदृग्विशेषणविशिष्टः श्यामप्रभदेवस्ते सर्वदा मङ्गलकरो भवतु।

**।। इति श्यामप्रभपक्षार्थः।।**

**श्रीमच्छ्रीजयसिंहभूपतनयो भून्माधवादिर्हरि-**

**स्तस्माद्योजनि विश्वराजमुकुटालङ्कारभूतो भुवि।**

**तस्य श्रीशप्रतापसिंहनृपतेः काव्ये प्रतापाद्वये**

**श्रीभट्टारकदेवशक्ररचिते वाणेन्दुसर्गो गतः ।।१५।।**

**।। इति श्रीप्रतापकाव्ये पञ्चदशमः सर्गः।।१५।।**

# भारत का सबसे समृद्ध ग्रंथालय - पोथीखाना जयपुर

**सुनील कुमार शर्मा (दर्शनाचार्य)**
इतिहासकार एवं पांडुलिपि विशेषज्ञ

राजस्थान को अपरा काशी से नामित करने में इस पुस्तकालय का महत्वपूर्ण योगदान हैं। इस ग्रंथालय का इतिहास बड़ा ही रोचक है, भारतीय ज्ञान- विज्ञान को आक्रमणकारीयो से बचाने के लिए जयपुर महाराजा ने सभी घर मंदिर मठों से ग्रंथो को मंगवाकर अपने महल में सुरक्षित किया जिससे इन्हें लुटा या जलाया ना सकें I अनेक विद्याप्रेमी तथा स्थानीय विद्वानों ने भी व्यक्तिगत संग्रहालयों द्वारा जयपुर में शिक्षा का प्रस्तार करने में बहुत सहयता की हैं। इनमें अनेक अलभ्य तथा दुर्लभ ग्रन्थ हैं। हस्तलिखित ग्रन्थों के साथ ही प्रकाशित ग्रन्थों का संग्रह भी उल्लेखनीय है। इनका उल्लेख यहाँ किया जा रहा है।

जब मुगल दरबार में कुतुब खाना कायम हुआ और उसमें देशी विदेशी आलिमों, खुश्खत नवीसों और चित्रकारों को प्रश्रय मिला तो जयपुर राज्य में भी ऐसी संस्था का संस्थापन आवश्यक समझा गया। परिणामस्वरूप मिर्जा राजा मानसिंह प्रथम ने ही (संभवतः) पोथीखाने की स्थापना की। इसकी आवश्यकता का एक कारण और भी था। तत्कालीन शास्त्रज्ञों व पारदेशिक विद्वानों को प्रश्रय देकर प्राचीन साहित्य की सुरक्षा और नवीन अनुसंधान पर आधारित ग्रन्थों की रचना करना आवश्यक समझा गया। यहाँ भी चारु-चित्र-चित्रय - चतुर चित्रकारों की नियुक्तियां की गई। भारत के विभिन्न भागों से विद्वानों को यहाँ ससम्मान लाया गया और उन्हें भूसम्पत्ति व सुख-सुविधायें दी गई। इन विद्वानों की सम्मान परम्परा से प्राचीन हिन्दू संस्कृति की रक्षा हुई—यह निर्विवाद विषय है।

यद्यपि पोथीखाने की स्थापना का निश्चित समय नहीं बतलाया जा सकता, परन्तु इतना अनुमान लगाया जाता रहा है कि हस्तलिखित ग्रन्थों का संग्रह मिर्जा राजा मानसिंह प्रथम के समय से होने लगा था, जिन्होंने 1592 ई. के लगभग आमेर में महल बनवाना प्रारम्भ किये था। इनके पश्चात् उत्तरोत्तर पुस्तकों की संख्या में वृद्धि होती रही। मिर्जा राजा जयसिंह प्रथम तथा मिर्जा राजा रामसिंह प्रथम के समय अनेक विद्वान् इनके आश्रय में थे, यह तथ्य महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय का विद्याप्रेम विख्यात ही है। इनके समय अनेक विद्वान् जयपुर आये हैं, जिनकी रचनाओं ने पोथीखाने का कलेवर बढ़ाया है। जयपुर नगर की स्थापना पर यह पोथीखाना 'जलेबी चौक' में स्थापित किया गया, जहाँ से कालान्तर मुबारक महल में स्थानान्तरित किया गया। पूर्वजों की परम्परा में प्राप्त इस बहुमूल्य संग्रहालय के विस्तार की दृष्टि से सवाई जयसिंह द्वितीय ने अनेक दुर्लभ ग्रन्थ खरीदकर इसमें सुरक्षित किये। प्रो. श्री जे.एम. घोष की सर्वे रिपोर्ट के अनुसार 1704 ई. में 76 पुस्तकें, 1711 में 420 तथा 1716 में 336, इस प्रकार कुल 832 पुस्तकें खरीदी गई थी।

महाराजा सवाई जयसिंह द्वारा अनुष्ठित वाजपेय, अश्वमेघ आदि अनेक महत्त्वपूर्ण यज्ञों में भग लेने के लिए अनेक महाराष्ट्रीय, गुजराती, दाक्षिणात्य तथा मिथिला के विद्वान् आये थे। इसके अतिरिक्त ज्योतिष यन्त्रशालाओं के निर्माणार्थ अनेक ज्योतिषियों को ससम्मान आश्रय दिया गया था। इन सभी विद्वानों का प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से जयपुर के पोथीखाने की ग्रन्थ-सम्पदा को अपनी-अपनी कृतियों के समपचीयमान करने का श्रेय प्राप्त है। यह परम्परा महाराज माधवसिंह द्वितीय शासनकाल तक चलती रही। लगभग 50 वर्ष पूर्व तक इस परम्परा ने पोथीखाने के अंचल में अनेक ग्रन्थ रत्न उडेल दिये। किन्हीं विशेष कारणों से इस समय पोथीखाना वर्तमान उत्तराधिकारी की खास मोहर में बंद है। केवल कुछ ग्रंथ प्रदर्शनी कक्ष में रखे हुए हैं, परन्तु निकट भविष्य में इनके पुनः उपलब्ध होने की संभावना है। वर्तमान में पोथीखाने की सामग्री को तीन भागों में विभक्त किया जा सकता है—

(1) वह ग्रन्थ समूह, जो प्रारम्भ से अब तक महराज की खास मोहर में रहा है। इसकी सूची नहीं बन सकी है।

(2) वे ग्रन्थ जिनकी वर्गीकृत विषयानुसार सूची स्व. पं. मधुसूदन जी झा की देख-रेख में, उनके अध्यक्ष काल में बनी थी।

(3) महाराज सवाई जयसिंह द्वितीय के गुरु पौण्डरीक रत्नाकर महाशब्दे के घराने से प्राप्त ग्रन्थ जिनकी संख्या 3000 से अधिक मानी जाती है और जिसमें सभी विषयों के ग्रन्थ हैं। खास मोहर के अतिरिक्त ग्रन्थों की संख्या 10000 मानी जाती है और कुछ 18000 के लगभग।

प्रो. श्री जे.एम. घोष के सर्वेक्षण की रिपोर्ट के अनुसार कहा जा सकता है कि इसमें संस्कृत, हिन्दी तथा पर्शियन के अनेक ग्रन्थ हैं, जो विभिन्न विषयों से सम्बद्ध हैं। प्रमुख विषयों में से वेद, पुराण, धर्मशास्त्र, नीतिशास्त्र, पुराकथाशास्त्र, काव्यसाहित्य, व्याकरण, कोश, छन्दःशास्त्र, संगीत, इतिहास, दर्शनशास्त्र, ज्योतिष, नक्षत्र-विज्ञान, हस्तरेखा विज्ञान, सामुद्रिक शास्त्र, सदाचार-धर्म, राजनीति, आयुर्वेद, जैनदर्शन तथा बौद्ध दर्शन का नाम विशेषतः उल्लेखनीय है।

**महत्त्वपूर्ण ग्रन्थों में से** — 'रज्मनामा' तथा रामायण का पर्शियन अनुवाद उल्लेखनीय हैं। रज्मनामा महाभारत का संक्षिप्त रूप है। अकबर सम्राट् के आदेश से 1582 ई. में अब्दुल कादिर बदायूंनी, नाकिबखान, मुल्लाशेरी तथा सुलतान हाजी थानेश्वरी आदि पर्शियन विद्वानों ने महाभारत का पर्शियन अनुवाद किया था। अनुवाद के गद्य रूपान्तरकार थे शैख फैजी। अबुलफजल ने इसका प्राक्कथन लिखा है। यह पुस्तक 69 पूरे पृष्ठों की सचित्र है, जिस पर कलाकार के हस्ताक्षर भी अंकित है। इस पर एक सील है, जिससे ज्ञात होता है कि यह पुस्तक इम्पीरियल लाइब्रेरी (शाही किताबखाना) दिल्ली में थी, जब शाह आलम बादशाह थे। ये ग्रंथालय जयपुर ही नहीं भारत का सबसे समृद्ध ग्रंथागार है I